# एग्रोविजन के उद्घाटन में आएंगे पीएम मोदी

## डेढ़ लाख किसानों का मार्गदर्शन, 23 से 26 नवंबर तक आयोजन



**नागपुर :** मध्य भारत की सबसे बड़ी कृषि प्रदर्शनी 'एग्रोविजन' 23 से 26 नवंबर तक रेशिमबाग मैदान पर चलेगी. इसके उद्घाटन समारोह के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निमंत्रित किया गया है. वे डेढ़ लाख किसानों का मार्गदर्शन करेंगे. इस दौरान मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के अलावा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, त्रिपुरा और असम के मुख्यमंत्री भी प्रमुखता से उपस्थित रहेंगे.

यह जानकारी देते हुए केंद्रीय भूतल परिवहन, राजमार्ग व जहाजरानी मंत्री एवं एग्रोविजन के प्रवर्तक नितिन गडकरी ने आज पत्र परिषद में बताया कि इस 10वीं एग्रोविजन प्रदर्शनी में उत्पादन संबंधी तकनीकी ज्ञान, खेती प्रणाली, अन्य व्यवसाय, अत्याधुनिक तकनीकी, बाजार सुविधा पर कार्यशाला होगी. दुग्ध व्यवसाय, बांस की खेती व व्यवसाय तथा गन्ना उत्पादन पर एक दिवसीय परिषद होगी.

कृषि उत्पाद संबंधी 500 कंपनियां, अनुसंधान संस्थाएं, सरकारी विभाग, विविध राज्य और कृषि विश्वविद्यालय प्रदर्शनी में अपनी तकनीक पेश करेंगे. पशु प्रदर्शनी में तीन उत्कृष्ट जानवरों को पुरस्कृत किया जाएगा. पशुपालन, दुग्ध व्यवसाय आदि विषयों पर मार्गदर्शनपरक प्रशिक्षण दिया जाएगा. विद्यार्थियों के लिए कृषि मंथन स्पर्धा होगी. इनोवेशन व स्टार्टअप, प्रदर्शनी में अपने उत्पाद पेश करेंगे. उत्कृष्ट एवं उपयुक्त अनुसंधान का राज्यस्तर पर चयन कर इनके व्यवसायिक रूपांतरण के लिए तकनीकी सहयोग दिया जाएगा. गत 10 वर्षों में विदर्भ की खेती में उल्लेखनीय योगदान देने वाले किसानों को एग्रोविजन अवार्ड देकर सम्मानित किया जाएगा. पत्र परिषद में सांसद कृपाल तुमाने, विधायक मल्लिकार्जुन रेड्डी, एग्रोविजन सलाहकार समिति के अध्यक्ष डॉ. सी.डी. मायी, गिरीश गांधी, रवि बोरटकर, रमेश मानकर, पूर्व विधायक आशीष जैस्वाल आदि उपस्थित थे.